**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 04 मई 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संस्कृत भाषा सीखने की ज़रुरत पर बल दिया है।
- निर्वाचन आयोग सभी सेवायें एक जगह उपलब्ध करवाने के लिए ECINET ऐप जारी करेगा।
- वेव्स सम्मेलन में वेव्स एक्स से करीब 15 स्टार्टअप को वित्त पोषण मिलने की उम्मीद।
- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने पंजाब सरकार द्वारा पानी रोके जाने पर अभय चौटाला के बयान की आलोचना की।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित चावल की दो जीनोम किस्में जारी की।

**************************************************************

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि लोगों को संस्कृत भाषा सीखने की जरूरत है, क्योंकि भारत का समूचा ज्ञान संस्कृत भाषा में है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन कर सकती है। गृह मंत्री आज नई दिल्ली में संस्कृत भारती द्वारा आयोजित '1008 संस्कृत भाषण शिविरों' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री अमित शाह ने संस्कृत भाषा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि संस्कृत भाषा अधिकांश भाषाओं की जननी है। उन्होंने कहा कि सरकार देश में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है।

*******************************************************************

निर्वाचन आयोग एक सिंगल-प्लेटफॉर्म एप ईसीआईएनईटी (ECINET) जारी करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह ऐप निर्वाचन आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एक साथ लायेगा। यह मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया डिजिटल इंटरफ़ेस होगा। इससे उपयोगकर्ताओं को ढेर सारे ऐप डाउनलोड करने से राहत मिलेगी। यह ऐप डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर चुनाव संबधित जरुरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

*******************************************************************

वेव्स सम्मेलन में एक **स्टार्टअप एक्सेलेरेटर प्रोग्राम वेव्स एक्स** से करीब 15 स्टार्टअप को वित्त पोषण मिलने की उम्मीद है। आई.ए.एम.ए.आई के चीफ ग्रोथ ऑफिसर संदीप झिंगरन ने बताया कि वेव्स एक्स के लिए विभिन्न स्टार्टअप्स ने कुल एक हजार आवेदन जमा किए थे। इनमें से करीब 30 ने निवेशकों के सामने अपने विचार प्रस्तुत किए।

*******************************************************************

मुंबई के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में चल रहे विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन - वेव्स में नारनौल की ऐतिहासिक इमारतें फिल्म निर्माताओं को आकर्षित कर रही हैं।

सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के संयुक्त निदेशक नीरज कुमार ने बताया कि इस पैवेलियन में न केवल राज्य के एतिहासिक स्थलों को दिखाया जा रहा है बल्कि हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत भी दिखाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य मकसद फिल्मकारों को हरियाणा में फिल्म बनाने के लिए आकर्षित करना है। उन्होंने बताया कि इस पैवेलियन में नारनौल शहर के ऐतिहासिक स्थलों, जल महल, महेंद्रगढ़ का किला, राय बाल मुकुंद का छत्ता, ढोसी हिल्स की वीडियो लगातार प्रदर्शित की जा रही हैं, जो बॉलीवुड और हॉलीवुड की प्रसिद्‌ध कंपनियों को लुभा रही है। इस कार्यक्रम में दुनिया के 130 देशों से कला, संस्कृति, मीडिया, फिल्म और प्रोद्‌योगिकी से जुड़ी प्रमुख कंपनियां और

दिग्गज हस्तियां शामिल हुईं हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने “हरियाणा फिल्म एवं मनोरंजन नीति-2022” के तहत सब्सिडी देने का प्रावधान भी किया है। इस के तहत चयनित फिल्मों को 50 लाख रुपये से लेकर 2 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी दी जाती है।

**********************************************************************
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने पंजाब सरकार द्वारा पानी रोके जाने पर हरियाणा सरकार द्वारा चुप्पी साधने के अभय चौटाला के बयान की आलोचना की है। आज कैथल में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि अभय सिंह चौटाला हमेशा राजनीति को केंद्र में रख कर बयानबाजी करते हैं।

श्री बड़ोली ने कहा कि पंजाब से हरियाणा के हिस्से का पानी न कभी रुका है और न कभी रुकेगा। पानी पर सबका अधिकार है। उन्होंने कहा कि पंजाब के साथ यह जल समझौता आज का नहीं है। पंजाब हरियाणा और हिमाचल जब अलग-अलग हुए थे, उस समय यह समझौता हुआ था। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा पानी रोकना एक राजनीतिक फैसला है। जिसे हरियाणा और पंजाब की जनता अच्छी तरह जानती है। ‘एक राष्ट्र एक चुनाव’ पर सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह कोई बीजेपी का एजेंडा नहीं है। यह राष्ट्र का एजेंडा है।

**********************************************************************
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा ही देश और समाज को दिशा दिखाई है। श्री बड़ौली आज कैथल में जिला सर्व ब्राह्मण सभा एवं धर्मशाला द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम प्रकाश पुंज की भांति हैं और समाज की धरोहर हैं। उन्होंने हमेशा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ सर्व समाज के हित के लिए कार्य

किया। उन्होंने कहा कि सभी, सर्व समाज के उत्थान के लिए उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। श्री बड़ोली ने कहा कि सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाला ही सही मायने में ब्राह्मण है और भगवान परशुराम का सच्चा अनुयाई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार भी भगवान परशुराम के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सबका-साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की अवधारणा के साथ काम कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भगवान परशुराम के नाम से करोड़ों रुपये की लागत से कैथल में मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके बनने से मेडिकल शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होंगी। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जयंती को लेकर राज्य स्तरीय समारोह रोहतक के पहरावर में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने गत दिनों पहलगाम में हुई आतंकी घटना की निंदा की और समाज से एकजुट होने का आह्वान किया।

**********************************************************

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित भारत की चावल की पहली दो जीनोम संपादित किस्में जारी की। कृषि मंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत के लिए ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि इन दो किस्मों से उत्पादन लागत में कमी आएगी और देश में चावल की पैदावार बढ़ेगी। श्री चौहान ने कहा कि परिषद को अपने शोध को सीधे किसानों तक ले जाना होगा।

**********************************************************

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पत्नी सुमन सैनी ने आज करनाल में पहलगाम हादसे में मारे गए जल सेना के लेफ्टिनेंट, विनय नरवाल की शोक सभा में भाग लिया और उन्हे श्रद्धांजलि दी। करनाल में आयोजित इस शोक सभा में विनय के परिजन और बड़ी संख्या में आम नागरिक भी शामिल हुए। बीती 22 अप्रैल को पहलगाम हमले में आतंकियों ने विनय को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। विधानसभा अध्यक्ष और

श्रीमती सुमन सैनी ने विनय के परिवारजनों से मिल के उन्हें सांत्वना दी।

उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी घटना जिसने हम सबको ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को हिला कर रख दिया। शहीद का दर्जा दिए जाने के सवाल पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह एक ऐसा विषय है जिस पर सेना के नियमों के हिसाब से फैसला होता है परंतु मुख्यमंत्री ने इस को लेकर गंभीरता दिखाई है। अंतिम निर्णय सेना या सरकार का ही होगा।

*******************************************************************

हरियाणा में अधिकांश क्षेत्रों में रुक-रुक कर बारिश हो रही है और तेज हवाएं चल रही हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर मदन लाल खीचड़ ने किसानों को सलाह दी है कि वो दो दिन बाद मौसम साफ होने पर कपास की बिजाई करें । पिछले तीन दिन से हो रही छिटपुट बूंदाबांदी से जमीन में नमी की अच्छी मात्रा बनी हुई है जो की कपास की फसल की बिजाई में मदद करेगी।

*******************************************************************